16 जून 2015

राष्ट्रपति डिल्मा रूसेफ की संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा

डॉ.स्तुति बनर्जी

ब्राजील की राष्ट्रपति, डिल्मा रूसेफ ने राष्ट्रपति बराक ओबामा के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है और वे 30 जून, 2015 को अमेरिका कीयात्रा करने वाली हैं।मूल रूप से राष्ट्रपति रूसेफ़ द्वारा राजकीय दौरा करना तय किया गया था , जिसे अक्टूबर 2013 में सहयोगियों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की सबसे मजबूत अभिव्यक्ति माना जाता है।हालाँकि , उन्होंने इस खुलासे के बाद कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) ने उसके फोन कॉल्स की निगरानी की ; ब्राजील के दूतावासों के अधिकारियों के फोन रिकॉर्ड की जांच कीऔर राज्य के तेल निगम, पेट्रोब्रास पर जासूसी की , अपना दौरा रद्द कर दिया था।राष्ट्रपति रूसेफ ने कहा कि यह सहयोगियों के बीच एक संबंध से "असंगत" था और आगे कहा गया कि, "संप्रभुता के लिए सम्मान की अनुपस्थिति में, राष्ट्रों के बीच संबंध का कोई आधार नहीं है। "हालांकि, 2000 के बाद से पहली बार हुए,2014 में ब्राजील के 4 करोड़ डॉलर के व्यापारिक घाटे ने अपने प्रमुख बाजार , अमेरिका के साथ इसके आर्थिक संबंधों को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है।इस संदर्भ में, औपचारिक यात्रा रिश्ते को आगेबढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पनामा में, 2015 में आयोजित अमेरिका के शिखर सम्मेलन के दौरान , राष्ट्रपति ओबामा ने क्यूबा के प्रति अपने प्रशासन की नई नीति के परिणामस्वरूप एक बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की।यह घोषणा पर लैटिन अमेरिकी राज्यों से सकारात्मक प्रतिक्रियाएंप्राप्त हुई थीं, जिन्होंने लंबे समय तक ब्राजील सहित क्यूबा के दृष्टिकोण का समर्थन किया है।उसी शिखर सम्मेलन में, उन्होंने यह भी कहा कि "ब्राजील स्पष्ट रूप से गोलार्ध के सबसे महत्वपूर्ण देशों में से एक होने के अलावा मुद्दों की एक पूरी श्रृंखला में एक वैश्विक नेता है। "राष्ट्रपति रूसेफ की भावी यात्रा में द्विपक्षीय मुद्दों की इस श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित किए जाने काअनुमानहै, जिसमें वैकल्पिक ऊर्जा , विज्ञान और प्रौद्योगिकी , शिक्षा, रक्षा सहयोग, परामर्शदाता और आतंकवाद विरोधी प्रयास, एक वीजा छूट वाला प्रशासन और पर्यावरण की रक्षा पर बातचीत शामिल है।

अमेरिका के लिए, ब्राजील क्षेत्र के अन्य देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के अपने प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कारक बना हुआ है।ओबामा प्रशासन की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति ब्राजील को प्रभाव के उभरते केंद्र के रूप में मान्यता देती है।अमेरिका महाद्वीप में ब्राज़ील के प्रभाव से अवगत हैऔर अन्य देशों के साथ अपने आर्थिक और राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए इसका लाभ उठाना चाहेगा, विशेष रूप से संभावित चीनी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए, जो ऊर्जा और व्यापार समझौतोंकी तलाश में तेजी से वहां अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहा है।अमेरिका ने, जो अपने इतिहास के एक लंबे हिस्से में लैटिन अमेरिका कासबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है , अभी भी अपनी महत्वपूर्ण स्थिति को बरकरार रखा है , लेकिन प्रतियोगिता के बारे में भी जागरूक हो रहा है।वाशिंगटन ने गोलार्ध के एक तिहाई से अधिक देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और लैटिन अमेरिका के साथ माल और सेवाओं में 800 करोड़ अमरीकीडॉलर से अधिक का वार्षिक आदान-प्रदान किया है, जो चीन से तीन गुना अधिक है।

बढ़ती चीनी रुचि से सावधान, अमेरिका लैटिन अमेरिका के साथ जुड़ना चाहता है, और क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली देश के रूप में ब्राजील इसका एक मजबूत भागीदार होगा।अमेरिका ब्राजील की 2.2 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था (2013 में सकल घरेलू उत्पाद) तक अधिक से अधिक पहुंच के लिए पुलों का निर्माण करने की कोशिश कर रहा है , जो मेक्सिको (इसके तीसरे सबसे बड़े माल व्यापार भागीदार , जबकि ब्राजील इस सूची में नौवें स्थान पर है) से लगभग 75 प्रतिशत बड़ा है।ब्राजील लैटिन अमेरिका में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और दुनिया में सातवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (2013 में) है। ब्राजील के अधिकारियों ने,हालिया मंदी से अपनी अर्थव्यवस्था में हलचल उत्पन्न के तरीके के रूप में, विशेष रूप से अमेरिका के साथ व्यापार पर नए सिरे से जोर देने की बात की है। 2010 में सकल घरेलू उत्पाद में 7.5 प्रतिशत की उच्च वृद्धि से , 2013 में, ब्राजील की सकल घरेलू उत्पाद तीसरी बार मामूली रूप से 2.3 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ी और 2014 में भी विकास दर समान

थी।.फरवरी 2015 में, वाशिंगटन में ब्राजील के व्यापार मंत्री, श्री अरमांडो मोंटेइरो की यात्रा को, जो मंत्री के रूप में विदेश में उनकी पहली यात्रा है, क्षेत्रीय राजनीति से दूर, ब्राजील और अमेरिका के रिश्ते पर भरोसे के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ब्राजील के लिए , यह यात्रा अमेरिका के साथ एक ऐसे रिश्ते को फिर से जोड़ने की अनुमति देगी जो पिछले एक दशक में तनाव युक्तरहा है।ब्राजील के आर्थिक विकल्प फल नहीं दे रहे हैं।दक्षिण अमेरिकी देशों के मर्कोसुर मुक्त व्यापार ब्लॉक को सफलता नहीं मिली है।यह एक सामान्य बाहरी टैरिफ और ब्लॉक के भीतर मुक्त व्यापार के साथ , एक वास्तविक सीमा शुल्क संघ बनाने केसंकल्प को लागू करने में विफल रहा है।यूरोपीय संघ और अलग-अलग यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्थाएं अभी भी वैश्विक मंदी से उबरने की प्रक्रिया में हैं।ये हालात ब्राजील को आर्थिक विकल्पों की तलाश के लिए आगे बढ़ा रहे हैं , क्योंकि इसकी अपनी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ रही है।अपनी निकटता , बड़े बाजार और पिछले संबंधों के कारण ब्राजील के लिए अमेरिका बहुत तार्किक विकल्प है जो नए सहयोग के लिए आधार के रूप में कार्य कर सकता है।इस यात्रा को ब्राजील के लिए एक ऐसे अवसर के रूप में देखा जा सकता है जब वह अमेरिका के साथ द्विपक्षीय रूप से या क्षेत्र के अन्य सहयोगियों के साथ व्यापार सौदों पर बातचीत कर सकता है।

ब्राजील यह भी जानता है कि वेनेजुएला के साथ अपने अब शत्रुतापूर्ण हो गए संबंधों पर बातचीत करने में अमेरिका के लिए मददगार हो सकता है।ऐतिहासिक रूप से ,एक प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ता ,वेनेजुएला के साथ अमेरिका के घनिष्ठ संबंध रहे हैं , राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज़ और अब राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की वामपंथी जनवादी सरकार से द्विपक्षीय संबंधों में घर्षण उत्पन्न हुआ।मानवाधिकार शर्तों पर मतभेद , नशीली दवाओं पर सहयोग में कमी और आतंकवाद -रोधी प्रयासों और लोगों के आवागमन के लिए सरकार की प्रतिक्रिया ने संबंधों को और बिगाड़ा है।ब्राजील एक महत्वपूर्ण शक्ति है , विशेष रूप से वह लैटिन अमेरिका में एक स्थिर बल की अपनी भूमिका में है और यह क्षेत्र के उन राष्ट्रों के साथ फिर से जुड़ने में अमेरिका की सहायता कर सकता है , जो 'वाम क्रांति' से गुजरे हैं , पिछले दो दशकों में एक अवधि जब लैटिन अमेरिकियों ने वामपंथी विचारधारा वाली सरकारों को सत्ता में लाने के लिए मतदान किया है।

ब्राजील को देश के आर्थिक , राजनीतिक, वैज्ञानिक और तकनीकी महत्व के साथ -साथ द्विपक्षीय व्यापार की मात्रा (2013 में 100 करोड़ डॉलर) के कारण अमेरिका के साथ अपने संबंधों को सुधारना आवश्यक है।इसने ब्राजील के राजनीतिक और आर्थिक महत्व की पहचान करने में अमेरिका की विफलता सेउसे नाराज कर दिया है। यह एक कमी है जिसे अमेरिका पहचानता है और सुधारने के लिए तैयार है।अमेरिका ने महसूस किया है कि ब्राजील का महत्व न केवल क्षेत्रीय स्तर पर सीमित न होकर वैश्विक स्तर पर भी फैला है।ब्राजील के निर्णय और कार्य दुनिया की अर्थव्यवस्था , पर्यावरण और ऊर्जा के साथ-साथ कूटनीति और स्थिरता की संभावनाओं को प्रभावित करेंगे।ब्रिक्स जैसे विभिन्न बहु -पक्षीय मंचों के हिस्से के रूप में ब्राजील इक्कीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति को आकार देगा।संबंधों की भूस्थैतिक विशेषताओं से परे , दोनों देश अन्य मूल्यों को भी साझा करते हैं: दोनों में बहुजातीय, युवा लोकतंत्र, कानून का शासन और विविधता तथा समानताएं हैं।

राष्ट्रपति ओबामा ने शायद ब्राजील और अमेरिका को सही तौर पर ऐसे "दो देशों के रूप में वर्णित किया है जो केवल मौलिक रूप से एक दूसरे को नहीं समझते हैं।"उम्मीद है कि दोनों राष्ट्रपतियों के बीच होने वाली बैठक इस समझ की नींव रखेगी।

*****

*डॉ.स्तुति बनर्जी, भारतीय विश्व मामले परिषद, नई दिल्ली में अध्येता हैं

*

अस्वीकरण: व्यक्त मंतव्य लेखक के हैं और परिषद के मंतव्यों को परिलक्षित नहीं करते।